Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to constitute a committee at district level for monitoring implementation of Jal Jeevan Mission scheme -laid.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): जल जीवन मिशन भारत सरकार की एक बहुत ही बेहतरीन योजना है जिसके तहत 2024 तक देश की अधिकतर आबादी तक पीने का पानी नल के माध्यम से पहुँचाने का भारत सरकार का उद्देश्य है, और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देशन में उक्त कार्य अपनी पूर्ण गति से चल रहा है | लेकिन पिछले काफी दिन से पूरे राजस्थान भर से इस योजना में अनियमित्तताओं की अनेक शिकायतें लगातार आ रही हैं | राजस्थान में काफी स्थानों पर कार्य की गुणवत्ता और क्रियान्वन में काफी कोताही बरती जा रही है जिसकी वजह से इतनी महत्वपूर्ण योजना को काफी नुकसान हो रहा है | इसके साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के गाँवों में तो कनेक्शन किये जा रहे हैं लेकिन वहां पर काफी आबादी खेतों में ढाणियों में भी निवास करती है, लेकिन उन्हें इस योजना से नहीं जोड़ा जा रहा है | जिसकी वजह से ग्रामीण क्षेत्र का आम आदमी इस बेहतरीन योजना से वंचित रह रहा है |

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिला स्तर पर स्थानीय संसद सदस्य की निगरानी में एक समिति का गठन किया जाये ताकि इस बेहतरीन योजना का बेहतरीन क्रियान्वन गुणवतापूर्ण और समय पर करवाया जा सके और साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक घर तक नल पहुँचाया जाये ताकि ढाणियों में बसे नागरिकों को भी इस योजना का लाभ मिल सके |